भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौ खक प्रश्न सं. *320

सोमवार, 08 अगस्त, 2022/17 श्रावण, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा

*320. श्री कौशलेन्द्र कुमार:

श्री राजीव रजन संह 'ललन':

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कः

(क) लक्षद्वीप में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) क्या सरकार का पर्यटन उद्योग का दर्जा देकर लक्षद्वीप के चेरियम द्वीप को वक सत करने का वचार है;

(ग) क्या सरकार का पर्यटन को ध्यान में रखते हुए वर्तमान हवाई और समुद्री सेवाओं का वस्तार करने का वचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. कशन रेड्डी)

(क) से (ड.) : एक ववरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 08.08.2022 के लोक सभा के मौ खक प्रश्न सं. *320 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में ववरण

(क) : पर्यटन मंत्रालय, पर्यटन की दृष्टि से लक्षद्वीप सहित पूरे देश का संवर्धन समग्र रूप में करता है । यह मंत्रालय 'बाजार वकास सहित वदेशों में संवर्धन एवं प्रचार ' (ओपीएमडी) और देश के भीतर 'आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार ' (डीपीपीएच) योजनाओं के माध्यम से 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत देश के व भन्न पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लए चल रहे अपने कार्यकलापों के भाग के रूप में महत्वपूर्ण और संभा वत वदेशी बाजारों में वैश्विक प्रंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मी डया अ भयान जारी करता है। गंतव्यों तथा लेज़र, एडवेंचर, लक्जरी, क्रूज पर्यटन आदि सहित व भन्न थीमों का संवर्धन भी मंत्रालय की वेबसाइट **(www.incredibleindia.org)** और सोशल मी डया अकाउंट्स के माध्यम से निय मत रूप से कया जाता है । इसके अतिरिक्त घरेलू भारत पर्यटन कार्यालय देश में पर्यटन के संवर्धन के लए निय मत रूप से कार्यक्रमों और समारोहों का आयोजन करते हैं ।

पर्यटन मंत्रालय व भन्न पर्यटन उत्पादों और लक्षद्वीप सहित गंतव्यों का प्रचार करने तथा वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत के हिस्से में वृ द्ध करने के लए पर्यटन सृजनकारी बाजारों में प्राथ मकता प्राप्त पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत को स्था पत करने के लए वदेशों में स्थित भारतीय मशनों के साथ वदेशी भारत पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से प्रयासरत है । यात्रा व्यापार जगत, राज्य सरकारों और वदेशों में स्थित भारतीय मशनों के सहयोग से एकीकृत वपणन और संवर्धन कार्यनीति, वैश्विक मी डया अ भयान और समन्वित संवर्धनात्मक उपायों के माध्यम से इन उद्देश्यों को पूरा कया जाता है ।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय अपने बाजार वकास सहायता (एमडीए) कार्यक्रम के अंतर्गत वदेशी बाजारों में पर्यटन संवर्धन कार्यकलापों के लए अनुमोदित पर्यटन सेवाप्रदाताओं और राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वत्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त घरेलू पर्यटन के संवर्धन के लए बाजार वकास सहायता (एमडीए) के अंतर्गत हितधारकों को घरेलू पर्यटन के संवर्धन हेतु वत्तीय सहायता दी जाती है । इसमें अतिरिक्त संवर्धन गति व धयां जोड़ी गई हैं जिसमें ऑनलाइन संवर्धन भी शा मल है तथा अनुमत्य वत्तीय सहायता की सीमा बढ़ाई गई है । अब राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के पर्यटन वभाग भी इस योजना के अंतर्गत वत्तीय सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं ।

इसके अतिरिक्त लक्षद्वीप प्रशासन ने सू चत कया है क वे नीति आयोग के तत्वावधान में कदमात, मीनिकॉय तथा सुहेली द्वीपों में स्थायी इको-पर्यटन परियोजनाओं के वकास में लगे हुए हैं । वे प्राथ मकता आधार पर कावारत्ती , अगात्ती तथा बंगाराम द्वीप समूह में अत्याधुनिक पर्यटक रिजॉर्ट सु वधाओं का भी वकास कर रहे हैं जिससे वे इन द्वीपों की यात्रा करने वाले पर्यटकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लए व भन्न पर्यटक द्वीपों में जलक्रीड़ा कार्यकलापों को सुदृढ़ बनाने की मंशा भी रखते हैं । स्कूबा डाइ वंग को बढ़ावा देने और वश्व के मान चत्र पर स्कूबा डाइ वंग के लए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में लक्षद्वीप को स्था पत करने के उद्देश्य से वे कावारत्ती , कालपेनी, मनीकॉय, कदमा और बंगाराम द्वीपों में स्कूबा डाइ वंग केंद्रों का वकास कर रहे हैं । लक्षद्वीप संघ क्षेत्र प्रशासन ने सार्वजनिक - निजी भागीदारी के माध्यम से द्वीप के वकास हेतु कदम उठाए हैं ।

(ख) : होटलों को औद्यो गक दर्जा प्रदान करना राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है । पर्यटन मंत्रालय , भारत सरकार ने आतिथ्य परियोजनाओं को नए निवेशों पर पूंजीगत सब्सिडी देने तथा इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लए औद्यो गक दरों पर वद्युत टैरिफ, जल टेरिफ और संपत्ति कर लागू करने के लए उपयुक्त नीतिगत दिशानिर्देश जारी करके आतिथ्य परियोजनाओं को "औद्यो गक दर्जा" प्रदान करने के संबंध में सभी राज्यों से पुरजोर सफारिश की है । महाराष्ट्र , गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान और उत्तराखण्ड जैसे राज्यों ने पहले ही इस दिशा में कदम उठाए हैं ।

लक्षद्वीप प्रशासन ने सू चत कया है क उन्होंने पर्यटन की क्षमता वाले व भन्न द्वीपों में इको-पर्यटन परियोजना का वकास करने की प्र क्रया शुरू कर दी है । इनमें चेरियम द्वीप भी शा मल है ।

(ग) से (ड.) : इस क्षेत्र में पर्यटन के वकास के लए कनेक्टि वटी सबसे महत्वपूर्ण संघटक है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लए नागर वमानन मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय कनेक्टि वटी योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस - उड़ान) की शुरूआत की गई थी ता क देश की आम जनता के लए हवाई यात्रा को कफायती बनाकर क्षेत्रीय हवाई कनेक्टि वटी को बढ़ावा दिया जा सके । प्रतिष्ठित स्थलों सहित महत्वपूर्ण स्थानों तक कनेक्टि वटी को सुसाध्य और बेहतर बनाने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय की सफारिश पर नागर वमानन मंत्रालय द्वारा शुरू कए गए आरसीएस - उड़ान 3.0 में बोलीकर्ता एयरलाइनों द्वारा 46 पर्यटन रूट लए गए हैं । दिनांक 31.07.2022 की स्थिति के अनुसार इनमें से 31 पर्यटन रूट प्रचालनरत हैं अनुबंध-I । वत्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान व्यवहार्यता अंतराल वत्तपोषण

(वीजीएफ) के रूप में भारतीय वमानपत्तन प्रा धकरण को लगभग 104.19 करोड़ रु. की कुल रा श की प्रतिपूर्ति की गई है ।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने आरसीएस -उड़ान योजना की अगली नि वदा प्र क्रया में शा मल कए जाने के लए 28 नए पर्यटन रूटों अनुबंध-।। के लए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया है तथा प यह पर्यटन क्षेत्र हेतु चैम्पियन सेवाक्षेत्र योजना की वैधता अव ध बढ़ाए जाने और इस उद्देश्य के लए पर्यटन मंत्रालय को अतिरिक्त नि धयां प्राप्त होने के अध्यधीन है ।

लक्षद्वीप क्षेत्र सहित देश के तटवर्ती क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू दोनों प्रकार के क्रूज पर्यटन के वकास की असीम संभावनाएं हैं । इसके उपयोग के लए स चव , पर्यटन मंत्रालय की अध्यक्षता में और स चव, पोत परिवहन मंत्रालय की उपाध्यक्षता में एक कार्यबल का गठन कया गया है । इस कार्यबल में व भन्न पत्तन न्यासों , स्वास्थ्य मंत्रालय, गृह मंत्रालय, वदेश मंत्रालय, सीमा शुल्क, सीआईएसएफ, तटवर्ती राज्यों आदि के प्रतिनि ध शा मल हैं । क्रूज पर्यटन संबंधी इस कार्यबल की 13वीं बैठक दिनांक 27 अप्रैल , **2022** को आयोजित की गई थी ।

इसके अतिरिक्त लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन ने यह सू चत कया है क उन्होंने बड़े एयर क्राफ्ट के प्रचालन को सुगम बनाने के लए आगात्ती हवाई अड्डे के वस्तार की प्र क्रया शुरू कर दी है । अद्यतन स्थिति के अनुसार वहां केवल एटीआर - 72 एयर क्राफ्ट ही प्रचालन कर सकते हैं । उन्होंने यह भी सू चत कया है क रक्षा मंत्रालय द्वारा मनीकॉय में दोहरे प्रयोजन हेतु एक नये स वल - म लट्री हवाई अड्डे के वकास के लए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कया गया है ।

*****

अनुबंध – I

लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 08.08.2022 के लोक सभा के मौ खक प्रश्न सं. *320 के भाग (ग) से (ड.) के उत्तर में वरण

आरसीएस उडान 3.0 . के तहत बोली लगाने वाली एयरलाइनों द्वारा चुने गए 31 परिचालन पर्यटन रूट

क्र. सं.	रूट	स्थिति	प्रारंभ होने की ति थ
1.	आगरा से भोपाल	शुरू कया गया	28.03.2021
2.	भोपाल से आगरा	शुरू कया गया	28.03.2021
3.	बेंगलुरु से मैसूरु	शुरू कया गया	07.06.2019
4.	मैसूर से बेंगलुरु	शुरू कया गया	07.06.2019
5.	डब्रूगढ़ से दीमापुर	शुरू कया गया	28.03.2021
6.	दीमापुर से डब्रूगढ़	शुरू कया गया	28.03.2021
7.	दीमापुर से इंफाल	शुरू कया गया	07.12.2019
8.	इंफाल से दीमापुर	शुरू कया गया	07.12.2019
9.	अगरतला से आइजोल	शुरू कया गया	29.02.2020
10.	आइजोल से अगरतला	शुरू कया गया	29.02.2020
11.	अहमदाबाद से उदयपुर	शुरू कया गया	25.03.2019
12.	उदयपुर से अहमदाबाद	शुरू कया गया	25.03.2019
13.	अमृतसर से जयपुर	शुरू कया गया	31.03.2019
14.	जयपुर से अमृतसर	शुरू कया गया	31.03.2019
15.	अमृतसर से कोलकाता	शुरू कया गया	01.12.2019
16.	कोलकाता से अमृतसर	शुरू कया गया	01.12.2019
17.	अमृतसर से पटना	शुरू कया गया	28.08.2020
18.	पटना से अमृतसर	शुरू कया गया	28.08.2020

19.	भोपाल से उदयपुर	शुरू कया गया	31.03.2019
20.	उदयपुर से भोपाल	शुरू कया गया	31.03.2019
21.	भुवनेश्वर से वाराणसी	शुरू कया गया	31.01.2020
22.	वाराणसी से भुवनेश्वर	शुरू कया गया	31.01.2020
23.	दिल्ली से कालीकट (को झकोड)	शुरू कया गया	24.01.2021
24.	कालीकट (को झकोड) से दिल्ली	शुरू कया गया	24.01.2021
25.	दिल्ली से खजुराहो	शुरू कया गया	18.02.2022
26.	खजुराहो से दिल्ली	शुरू कया गया	18.02.2022
27.	डब्रूगढ़ से इंफाल	शुरू कया गया	12.07.2021
28.	इंफाल से डब्रूगढ़	शुरू कया गया	12.07.2021
29.	राजमुंदरी से वशाखापत्तनम	शुरू कया गया	15.06.2019
30.	वशाखापत्तनम से राजमुंदरी:	शुरू कया गया	15.06.2019
31.	वाराणसी से पटना	शुरू कया गया	21.08.2020

*****

अनुबंध – ।।

लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 08.08.2022 के लोक सभा के मौ खक प्रश्न सं. *320 के भाग (ग) से (ङ.) के उत्तर में ववरण

नए पर्यटन रूट जिनके लए नागर वमानन मंत्रालय को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है

क्र. सं.	आरसीएस उड़ान के लए नए पर्यटन रूट	स्थिति
1.	शलांग से सलचर	अभी चालू होना बाकी है
2.	सलचर से शलांग	-वही-
3.	शलांग से अगरतला	-वही-
4.	अगरतला से शलांग	-वही-
5.	पासीघाट से गुवाहाटी	-वही-
6.	गुवाहाटी से पासीघाट	-वही-
7.	शलांग से इंफाल	-वही-
8.	इंफाल से शलांग	-वही-
9.	गुवाहाटी से शलांग	-वही-
10.	शलांग से गुवाहाटी	-वही-
11.	वाराणसी से गोरखपुर	-वही-
12.	गोरखपुर से वाराणसी	-वही-
13.	लखनऊ से प्रयागराज	-वही-
14.	प्रयागराज से लखनऊ	-वही-
15.	कोलकाता से देवघर	-वही-
16.	देवघर से कोलकाता	-वही-
17.	देवघर से रांची	-वही-
18.	रांची से देवघर	-वही-
19.	देवघर से पटना	-वही-

20.	पटना से देवघर	-वही-
21.	कार गल से लेह	-वही-
22.	लेह से कार गल	-वही-
23.	श्रीनगर से कार गल	-वही-
24.	कार गल से श्रीनगर	-वही-
25.	बैंगलोर से वद्यानगर (हम्पी)	-वही-
26.	वद्यानगर (हम्पी) से बैंगलोर	-वही-
27.	हैदराबाद से वद्यानगर (हम्पी)	-वही-
28.	वद्यानगर (हम्पी) से हैदराबाद	-वही-

*****